सर्वोच्च प्राथमिकता
संख्या: 889(1)/68–5–2019

प्रेषक,

रेणुका कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।
2– समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊः दिनाँक: 05 अक्टूबर, 2019

विषयः **'प्रेरणा तकनीकी फ्रेमवर्क' के प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में बेसिक शिक्षा के क्रियान्वयन हेतु 'प्रेरणा तकनीकी फ्रेमवर्क' लागू किये जाने संबंधी निर्गत शासनादेश संख्या: 783/68–5–2019, दिनाँक 02 सितम्बर, 2019 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। आप अवगत ही हैं कि प्रदेश के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य को अत्यधिक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किये जाने हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनाँक 04 सितम्बर, 2019 को प्रेरणा तकनीकी फ्रेमवर्क का शुभारम्भ किया जा चुका है।

Preview unavailable

2– उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना समीचीन होगा कि उपर्युक्त शासनादेश में वर्णित **"प्रेरणा–समीक्षा"** मॉडयूल के अन्तर्गत समस्त निरीक्षणकर्ता अधिकारियों के उपयोग हेतु ऑनलाइन प्रपत्र निर्धारित किया गया है, जिसमें विद्यालय सम्बन्धी बिभिन्न बिन्दुओं पर निरीक्षण आख्या अंकित किये जाने के निर्देश हैं। विद्यालयों के निरीक्षण हेतु जनपद एवं विकासखण्ड स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयकों को पृथक–पृथक **"लॉग–इन"** भी उपलब्ध कराया गया है।

3– माह सितम्बर, 2019 की ऑनलाइन निरीक्षण समीक्षा **(संलग्न)** से यह तथ्य संज्ञानित हुआ कि यद्यपि टास्क फोर्स के सदस्यों एवं जिला समन्वयकों द्वारा निरीक्षण किये जा रहे हैं परन्तु तत्सम्बन्धी समस्त निरीक्षण आख्यायें ऑन–लाइन अपलोड नहीं की जा रही हैं। अतः अपेक्षा है कि समस्त निरीक्षण आख्यायें अनिवार्य रूप से "प्रेरणा" प्रणाली पर ऑनलाइन अपलोड की जायें। भविष्य में निरीक्षण आख्यायें "प्रेरणा" प्रणाली पर अपलोड किये जाने के उपरान्त ही मान्य होगीं।

4– **शीघ्र ही मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मा0 बेसिक शिक्षा मंत्री कार्यालय में "प्रेरणा" प्रणाली के विभिन्न घटकों के निरीक्षण के लिए डैशबोर्ड स्थापित किया जा**

Scanned with CamScanner

रहा है, जिससे कि प्रेरणा ऐप के 07 घटकों की जनपदवार प्रगति से त्वरित रूप से अवगत हुआ जा सके।

5— उपरोक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद स्तर पर समस्त जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि जनपद एवं विकासखण्ड स्तरीय टास्क फोर्स के समस्त सदस्यों द्वारा शासनादेश में निर्धारित प्रत्येक माह 05 निरीक्षण एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा जिला समन्वयकों द्वारा निर्धारित निरीक्षण अनिवार्य रूप से प्रत्येक माह सुनिश्चित किया जाय तथा निरीक्षण आख्यायें अनिवार्य रूप से "प्रेरणा" पोर्टल पर अपलोड की जायें।

कृपया उपर्युक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीया,
04/12/19
( रेणुका कुमार )
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
2. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
4. शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0, लखनऊ।
5. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद,उ0प्र0 लखनऊ।
6. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
7. निदेशक, समाज कल्याण,उ0प्र0 लखनऊ।
8. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
9. समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश।
10. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
11. समस्त वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा), उत्तर प्रदेश।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
( उमेश कुमार तिवारी )
अनु सचिव।

Scanned with CamScanner

(शासनादेश सं0-889(1)/68-5-2019 दिनांक _-10-2019 का संलग्नक)

## Online Inspection Report (Sept 2019)

| district | DTF | BTF | DC MDM | DC SSA | other officer |
|---|---|---|---|---|---|
| Agra | 1 | 0 | 8 | 0 | 23 |
| Aligarh | 0 | 0 | 6 | 0 | 48 |
| Ambedkarnagar | 0 | 4 | 6 | 0 | 21 |
| Amethi | 28 | 110 | 2 | 0 | 10 |
| Amroha | 4 | 0 | 9 | 35 | 53 |
| Auraiya | 0 | 0 | 10 | 0 | 1 |
| Ayodhya | 0 | 0 | 0 | 0 | 61 |
| Azamgarh | 2 | 11 | 0 | 7 | 89 |
| Badaun | 12 | 0 | 0 | 0 | 10 |
| Baghpat | 0 | 5 | 1 | 0 | 8 |
| Bahraich | 0 | 68 | 9 | 0 | 19 |
| Ballia | 0 | 17 | 0 | 0 | 4 |
| Balrampur | 0 | 15 | 1 | 2 | 0 |
| Banda | 0 | 2 | 2 | 0 | 39 |
| Barabanki | 4 | 65 | 1 | 3 | 67 |
| Bareilly | 1 | 80 | 2 | 19 | 36 |
| Basti | 3 | 0 | 4 | 1 | 59 |
| Bhadohi(Sr Nagar) | 8 | 0 | 3 | 0 | 39 |
| Bijnor | 3 | 33 | 2 | 5 | 51 |
| Bulandshahr | 3 | 7 | 1 | 0 | 111 |
| Chandauli | 0 | 10 | 0 | 0 | 44 |
| Chitrakoot | 1 | 3 | 6 | 0 | 6 |
| Deoria | 9 | 20 | 10 | 0 | 56 |
| Etah | 6 | 7 | 4 | 5 | 85 |
| Etawah | 0 | 6 | 5 | 0 | 18 |
| Farrukhabad | 1 | 27 | 0 | 0 | 55 |
| Fatehpur | 2 | 154 | 12 | 16 | 0 |
| Firozabad | 14 | 0 | 0 | 5 | 45 |
| G.B.Nagar | 0 | 23 | 0 | 6 | 2 |
| Ghaziabad | 0 | 0 | 12 | 5 | 23 |
| Ghazipur | 2 | 0 | 0 | 3 | 23 |
| Gonda | 0 | 1 | 6 | 2 | 49 |
| Gorakhpur | 4 | 84 | 65 | 0 | 6 |
| Hamirpur | 0 | 0 | 1 | 0 | 6 |
| Hapur | 0 | 36 | 9 | 4 | 36 |
| Hardoi | 0 | 72 | 0 | 0 | 9 |
| Hathras | 4 | 0 | 8 | 12 | 65 |
| Jalaun | 0 | 0 | 1 | 7 | 61 |
| Jaunpur | 2 | 218 | 15 | 5 | 0 |
| Jhansi | 8 | 0 | 11 | 31 | 63 |
| Kaasganj | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Kannauj | 3 | 15 | 0 | 0 | 32 |
| Kanpur Dehat | 2 | 12 | 0 | 0 | 2 |

Scanned with CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Kanpur Nagar | 10 | 41 | 12 | 17 | 16 |
| Kaushambi | 0 | 2 | 11 | 0 | 80 |
| Kushinagar | 4 | 18 | 7 | 0 | 68 |
| Lakhimpur Kheri | 4 | 13 | 8 | 18 | 162 |
| Lalitpur | 18 | 53 | 0 | 3 | 0 |
| Lucknow | 0 | 67 | 10 | 12 | 52 |
| Mahoba | 17 | 0 | 4 | 0 | 13 |
| Mahrajganj | 5 | 1 | 10 | 0 | 11 |
| Mainpuri | 0 | 5 | 4 | 0 | 5 |
| Mathura | 0 | 35 | 10 | 5 | 14 |
| Mau | 0 | 3 | 7 | 6 | 23 |
| Meerut | 3 | 54 | 8 | 4 | 36 |
| Mirzapur | 0 | 43 | 6 | 1 | 14 |
| Moradabad | 5 | 15 | 10 | 16 | 52 |
| Muzaffarnagar | 0 | 6 | 6 | 8 | 19 |
| Pilibhit | 7 | 17 | 0 | 18 | 28 |
| Pratapgarh | 1 | 72 | 0 | 0 | 9 |
| PrayagRaj | 0 | 16 | 1 | 0 | 2 |
| Rae Bareli | 0 | 15 | 8 | 0 | 76 |
| Rampur | 5 | 27 | 2 | 11 | 91 |
| Saharanpur | 1 | 0 | 9 | 6 | 62 |
| Sambhal | 2 | 3 | 11 | 1 | 15 |
| Sant Kabir Nagar | 0 | 8 | 9 | 1 | 13 |
| Shahjahanpur | 2 | 41 | 16 | 7 | 5 |
| Shamli | 0 | 0 | 7 | 3 | 22 |
| Shrawasti | 4 | 0 | 0 | 8 | 22 |
| Siddharthnagar | 9 | 79 | 6 | 1 | 16 |
| Sitapur | 0 | 0 | 10 | 17 | 61 |
| Sonbhadra | 6 | 7 | 8 | 0 | 40 |
| Sultanpur | 1 | 67 | 13 | 13 | 3 |
| Unnao | 0 | 171 | 10 | 2 | 17 |
| Varanasi | 3 | 55 | 1 | 3 | 15 |
| Total | 241 | 2039 | 456 | 354 | 2497 |

Scanned with CamScanner